# पायनियर चेतना

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com, website : www.internationalpioneers.com

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल)    सह सम्पादक : पाय० महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

(अवैतनिक) सम्पादक - संजीव शर्मा, रामनगर (नैनीताल)    पाय० एल० सी० अरोड़ा (अवैतनिक)

☎ : 05947-252841

Pioneerism, A commitment to Humanity

18 अगस्त 2012    सहयोग राशि रु. 250/- वार्षिक    अंक-336

## लंदन ओलंपिक (2012) में भारत के विजेताओं को बधाईयाँ












**सुशील कुमार**
रजत पदक
(फ्रीस्टाइल कुश्ती/66किग्रा)


**विजय कुमार**
रजत पदक
(25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल)

**गगन नारंग**
कास्य पदक
(10 मीटर एयर राइफल)


**साइना नेहवाल**
कास्य पदक (बैडमिंटन)

**एमसी मैरी कॉम**
कास्य पदक (बॉक्सिंग)

**योगेश्वर दत्त**
कास्य पदक
(फ्रीस्टाइल कुश्ती/60 किग्रा)



## सदस्य अथक प्रयासों, अदम्य उत्साह तथा साहस के साथ संस्था को आगे बढ़ाने का प्रयत्न करें



सम्मानित पायनियर्स,

आप सबके लिये इस संस्था का पदाधिकारी /सदस्य होना गौरव की बात है। आशा है कि इस सत्र से बनी कार्यकारिणी यह सिद्ध करने का प्रयत्न करेगी कि पदाधिकारियों की क्षमताओं का पूर्ण प्रयोग संस्था के हित में हुआ है।

पदाधिकारियों की श्रेष्ठ योग्यता, प्रगतिशील वैचारिकता, मौलिक सूझ-बूझ एवं आपसी तालमेल से इण्टरनेशल पायनियर्स में गौरवपूर्ण इतिहास का सृजन होगा ऐसा हमें विश्वास है। स्वामी विवेकानन्द ने कहा है **''बड़े काम करने के लिये हृदय की अनुभव शक्ति, व्यर्थ की बातों में समय क्षय न करना, यथार्थ के कर्त्तव्य पथ पर चलते हुये अपने लक्ष्य की ओर सतत् बढ़ते हुये अपने अन्दर दृढ़ता लानी होगी''।**

अत: इस सत्र का प्रत्येक पदाधिकारी उच्च महत्वाकांक्षा के साथ अपनी प्रयत्नशीलता का इस्तेमाल करते हुये, साहस और लगनशीलता, समर्पण एवं अनुशासन, संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाये रख कर कार्य करेंगे एवं सामूहिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करेंगे।

आशा है आप सब समय की पाबन्धी का ध्यान रखते हुये अपनी तीव्र इच्छाशक्ति का प्रयोग इण्टरनेशनल पायनियर्स के उत्थान के लिए करेंगे। अपने अथक प्रयासों एवं अदम्य उत्साह तथा साहस के साथ संस्था को आगे बढ़ाने का तन-मन-धन से प्रयत्न करेंगे, मैं सदैव आपके साथ हूँ।

नयी शाखायें खोलने, नये सदस्य बनाने, सेवा के नये आयाम कायम करने, वसुधैवकुट्म्बकम के आदर्शो का पालन करते हुये परस्पर सम्पर्क स्थापित कर प्रधान कार्यालय एवं शाखा पदाधिकारी सामूहिक जिम्मेदारी के साथ संस्था को चलायेंगे।

स्कूली बच्चों के नेत्र परीक्षण कार्यक्रम को आगे बढ़ायें, निर्धन स्कूली बच्चों की सहायता करें। नंगें पैर स्कूल आने वाले बच्चों का चिन्हीकरण कर उनकी तथा निराश्रित बच्चों की मदद करें। हैल्थ कैम्पों के आयोजन पर विशेष ध्यान देना होगा। पायनियर्स चेतना के लिये नियमित प्रकाशन हेतु सामग्री, लेख, विज्ञापन, आदि भेजकर सहयोग करेंगे ताकि हम अधिक से अधिक विचारों एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान कर सकें। सभी सदस्य व पदाधिकारी फेस बुक पर "International Pioneers Group" से जुड़कर अपने कार्यक्रमों की सूचनाऐं एवं विचारों का आदान-प्रदान करें तथा नये स्थानों पर पायनियर की शाखा खोलने का प्रयत्न करें।


जय पायनियर्स। पायनियर्स अभिवादन के साथ। जय पायनियरवाद।

पाय. संतोष मेहरोत्रा (संस्थापक), मो. : 9897122394

# R. Rajsu®

TM

Sporting Goods



BORN TO WIN®

www.facebook.com/rajsusports

Auth. Dealer

**M/s MEHROTRA SPORTS**

Nanda Line, Opp. OBC Bank, RAMNAGAR
NAINITAL (UTTARAKHAND)

Ph. : 05947-251536, Mob. 9837947383



MERK, RENCOM, GLAXO CHEMICAL, LAB EQUIPMENTS & GLASS WARES.
SPORTS GOODS, Sports Cups, Shields, Medals, Trophies, Badges, Sports Shoes, Sports Wear, Musical Instruments, Track Suit, Morning Walker.

**MEHROTRA SPORTS**

An ISO 9001:2008 Certified Company

Authorised Dealer :
NIVIA, BDM. STAG, JONEX, METCO, VIRLOX, DIXON, S.G. WINN RACKETS, NELCO

Nanda Line, Ramnagar (Nainital) Uttarakhand
Fax : 05947-251536, Ph. : 05947-251056
Mob. : 9837947383
E-mail : mehrotra_sports@rediffmail.com



TIN : 05011350189



*Supplier of:*
Geography, Science, Maths & Musical, Equipments, Lab Chemicals

Ph. : 05947-251056
Mob. : 9897122394

**SHRI SHRI SALES**

Computer Stationery, Wooden & Steel - Furniture, Sports Goods, Sports Wears etc.

BAJAJA LINE, RAMNAGAR (NAINITAL)

# 'एक अनुरोध' ''कृपया क्लब को राजनीतिक मंच न बनायें''



प्रिय बन्धुओं, आप सभी इस बात से सहमत होगें कि हमारा क्लब एक समाज सेवी संस्था है और हम प्रत्येक शाखा/राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' एवं संस्था के माध्यम से समाज सेवा व देश सेवा की शपथ ग्रहण करते हैं, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि हम उस शपथ को वही छोड़ देते है और वहीं पर वाद-विवाद व एक-दूसरे की आलोचनाओं में व्यस्त हो जाते हैं। पायनियर चेतना के पिछले दो अंकों में छपे कुछ वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध पायनियर बन्धुओं के विशेष लेख इस ओर स्पष्ट रूप से इशारा करते है कि हम क्लब के मुख्य उद्देश्यों से हटकर एक-दूसरे की आलोचनाओं में व्यस्त है। यदि यह क्रम इसी प्रकार चलता रहा तो इस संस्था को गर्त में जाने से कोई नहीं रोक सकता, बल्कि यह कहना अनुचित न होगा कि संस्था लगभग गर्त के मुहाने पर खड़ी है। पदाधिकारियों की इस प्रकार की गतिविधियों के कारण अधिकांश सदस्यों का इस संस्था से मोह भंग होता जा रहा है।

मेरे इस कथन से सभी सदस्य सहमत होंगे कि संस्था का उद्गम ''रामनगर'' से हुआ है, तो संस्था का अन्त भी ''रामनगर'' से होगा।

अतः संस्था के संस्थापक एवं वर्तमान महासचिव श्री संतोष मेहरोत्रा जी, प्रधान कार्यलय प्रतिनिधि व रामनगर शाखा के सभी सदस्यों से विशेष अनुरोध है कि आप लोग सभी अगले पिछले विवादों को सच्चे मन से तिलांजली देकर, संस्था को अगुवा है और अगुवा ही बने रहकर देशभर की अन्य शाखाओं को प्रेरणा देने का कार्य करें।

साथ ही मैं पाय. केशव शिवहरे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से भी विशेष अनुरोध करूंगा कि आपकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पुनः संस्था की बागडोर इस आशा के साथ सौंपी गई थी कि आप संस्था को इन सब विवादों से ऊपर उठाकर उच्च स्तर पर ले जायेंगे। अतः आप शीघ्र ही शाखाओं का भ्रमण कर कुछ ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करें।

पायनियर अभिवादन सहित।

**एल.सी. अरोरा (निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष)**

**मो. : 9319747969**

# अगस्त तक प्रत्येक सदस्य का नवीनीकरण एवं शाखाओं के चुनाव करायें

सभी शाखाओं के सदस्यों तथा पदाधिकारियों से निवेदन है कि 15 जुलाई तक उन्हें अपने सदस्यों को अग्रिम नवीनीकरण कराना था। अतः जिन सदस्यों का नवीनीकरण सत्र (12-13) के लिये नहीं हो पाया हो वह अपना नवीनीकरण 15 अगस्त तक अवश्य करा लें। प्रधान कार्यालय को नवीनीकरण 30 जुलाई तक भेजा जाना था। इस तिथि को बढ़ाकर 30 अगस्त किया गया है। सदस्यों से निवेदन है कि अपने सदस्यों का नवीनीकरण 30 अगस्त तक अवश्य प्रधान कार्यालय भेज दें तथा नवीनीकरण सूची भी भेज दें। जिन सदस्यों ने अभी तक गत सत्र का नवीनीकरण नहीं कराया है उनकी सदस्यता स्वतः स्थगित हो जाती है। प्रत्येक शाखा अपने आय-व्यय विवरण का ऑडिट कराकर उसकी एक प्रति प्रधान कार्यालय को अवश्य भेजें।

प्रधान कार्यालय की आगामी बैठक में राष्ट्रीय अधिवेशन का स्थान राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन तथा अन्य प्रशासनिक निर्णय लिये जाने है।

मीटिंग मुरादाबाद अथवा रामनगर में प्रस्तावित हैं। सितम्बर के प्रथम सप्ताह में मीटिंग होंगी, इसकी सूचना डाक व फोन पर दे दी जायेगी। शाखाओं से निवेदन है कि आप 'internationalpioneersgroup' से जुड़कर अपनी सूचनाओं का आदान-प्रदान आसानी से कर सकते हैं। शाखाओं के चुनाव अगस्त मास तक अवश्य हो जाने चाहिए तथा प्रधान कार्यालय को भेज दी जानी चाहिए। कृपया शीघ्र प्रत्येक शाखा अपने चुनाव कराकर सूचित करें।

साधारण सदस्य का नवीनीकरण 1200/- तथा आजीवन सदस्य का नवीनीकरण 700/- वार्षिक है।

## पाय. गोविन्द सिंह बिष्ट नई दिल्ली के संयोजक मनोनित



इण्टरनेशनल पायनियर्स के नई दिल्ली शाखा के गठन के लिए पाय. गोविन्द सिंह बिष्ट को संयोजक मनोनित किया है।

**पाय. गोविन्द सिंह बिष्ट**

जन्मतिथि : 26.05.1967

पत्नी का नाम : श्रीमती अनुपमा बिष्ट

पता : फ्लेट नं.5, थर्ड फ्लोर, प्लाट नं. 365 स्ट्रीट डी. 25, चहेरपुर, नई दिल्ली

# संक्रामक रोग और उनकी रोकथाम



PREVENTION IS ALWAYS BETTER THEN CURE

भीषण गर्मी के बाद पड़ने वाली बरसात से थोड़ा मानसिक सुख तो मिलता है। लेकिन इस मौसम में होने वाली बीमारियाँ हमारे शरीर को लम्बे समय तक कष्ट देती हैं।

आजकल के मौसम में होने वाले रोग आमतौर पर सम्पर्क से फैलने वाले होते हैं। जैसे-छींके, जुकाम, खाँसी, खुजली, फँगस, दमा, उल्टी-दस्त इत्यादि।

इन बीमारियों के अतिरिक्त दूषित भोजन व पानी से इस मौसम में पीलिया व टायफायड जैसे खतरनाक रोग भी जल्दी हो जाते हैं।

कुछ सावधानियाँ बरतने से उपरोक्त बीमारियों से काफी हद तक निजात पाई जा सकती है :-

1. हमेशा स्वच्छ कपड़ें पहनें।
2. साफ रुमाल का इस्तेमाल करें।
3. बरसात में पानी की समस्या अत्यधिक रहती है। अतः पानी को सदैव साफ करके ही पियें। पानी को छानकर व उबालकर साफ कर सकते हैं।
4. खाने में अत्यधिक सावधानी बरतें। फल व सब्जियों को इस्तेमाल करने से पूर्व भली-भांति धोयें।
5. हल्की दवाओं का प्रयोग चिकित्सक से परामर्श कर किया जाना चाहिए।

*योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक से निःशुल्क परामर्श हेतु :-*

**समय : दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक**

**डॉ. डी. एस. रावत**

**(वरिष्ठ होम्यो. फिजिशियन)**

**पैंठ पड़ाव, रामनगर (नैनीताल)**

**फोन : 05947-253178**

*हिन्दी तथा इतिहास*

*के छात्र निःशुल्क कैरियर गाइडैन्स के लिए सम्पर्क करें -*

*मो. : 9456892529*

*समयः रविवार, दोपहर 11.00 से 12.00 बजे*

## मुरादाबाद पायनियर्स द्वारा सिद्धबली की पिकनिक सम्पन्न

**मुरादाबाद।** मई माह की सभा में एक पिकनिक प्रोग्राम का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, उसी के अनुसार 10 जून को क्लब के लिए सम्पन्न हुआ जिसमें सभी सदस्यों ने परिवार सहित बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 10 जून रविवार था। पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी सदस्य अपने-अपने परिवार के साथ प्रात: 7.00 बजे निश्चित स्थान पर एकत्र हुए और कोटद्वार पहुंचकर पूर्ण श्रद्धा के साथ सिद्धबली हनुमान जी के दर्शन किये। रास्ते में नगीना में जलपान का आयोजन था। सभी ने खूब आनन्दपूर्वक जलपान किया एवं अन्ताक्षरी व चुटकले सुनाकर आनन्द उठाया। तत्पश्चात् सदस्यों द्वारा 10 किमी आगे जाकर दुर्गा माता के मन्दिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस बीच सभी सदस्यों को भूख लग आयी और सूर्य देवता की गर्मी से बचने के लिए किसी अच्छे होटल की तलाश की गई, जिसमें शीघ्र ही सफलता मिल गई। उक्त होटल में बैठकर सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ पेपर गेम, हाऊजी, व कपल गेम आदि का भरपूर आनन्द लिया। सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

दिनांक 16 जून 2012 को होटल फ्लेवर्स में प्रत्येक माह की तरह पारिवारिक एवं मासिक बैठक सम्पन्न हुई। सभा के संयोजक श्रीमती चंचल एवं श्री अनूप टण्डन थे। टण्डन दम्पत्ति द्वारा बहुत सुन्दर ढंग से विभिन्न प्रकार के गेम्स एवं कार्यक्रम कराकर सभी सदस्यों का मन मोह लिया। विजेता सदस्यों को पुरस्कार दिये गये एवं अन्त में राष्ट्रीय गान के साथ सभा सम्पन्न हुई।

सभा के सर्वश्री पाय. जे.के. बाली, कमल प्रकाश, एल.सी. अरोरा, अरविन्द अग्रवाल, एम.सी. गुप्ता, अशोक तोमर, चरनजीत सेठी, मुकेश लालवानी, सत्यवीर गुप्ता, एस.सी. अरोरा आदि उपस्थित थे।

**अंकुर रस्तौगी, सचिव**

## इण्टरनेशनल पायनियर क्लब मुरादाबाद शाखा की मई 2012 की रिपोर्ट

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद शाखा की माह मई 2012 की मासिक एवं पारिवारिक सभा 'फ्लेवर्स होटल', रामपुर रोड, मुरादाबाद में 19 मई को सम्पन्न हुई। सभा के संयोजक पाय. श्री एवं श्रीमती रीटा तोमर थे। क्लब अध्यक्ष पाय. जे.के. बाली एवं सचिव अंकुर रस्तौगी के मंचासीन होने एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करने के बाद सभा का संचालन श्री अशोक एवं श्रीमती रीटा तोमर को सौंप दिया गया। तोमर दम्पत्ति ने बहुत ही सुरूचिपूर्ण ढंग से सभा का संचालन किया। श्रीमती तोमर द्वारा सर्वप्रथम एक दिल को छू लेने वाले शेर द्वारा सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् उन्होंने पुरूष सदस्यों एवं महिला सदस्यों के बीच अंताक्षरी करायी। दोनों पक्षा ने एक एक-दूसरे को हराने की होड़ लगी थी। लेकिन महिला सदस्यों द्वारा केवल 1/2 अंक की बढ़त द्वारा बाजी मार ली।

कपल्स के लिए आलपिन गेम कराया गया जिसमें पाय. अरविन्द अग्रवाल प्रथम एवं पाय. अंकुर रस्तौगी व अनूप टंडन संयुक्त द्वितीय विजेता बने।

इसके अतिरिक्त पेपरगेम में श्रीमती शशी बाली प्रथम, श्रीमती पारूल अग्रवाल द्वितीय एवं दूसरे पेपर गेम में श्रीमती रति रस्तौगी द्वितीय (टरटर) विजेता रहीं। इस गेम में पुरुष सदस्य फिसड्डी साबित हुए।

सभा के अंत में महिला सदस्यों की माँग पर जून में पिकनिक मनाने का कार्यक्रम तैयार किया गया, जिसमें सभी सदस्यों द्वारा पूर्ण सहयोग करने का वादा किया गया। विजेता सदस्यों को पुरस्कार देकर राष्ट्रीय गान के साथ सभा समाप्त की गई।

सभा में सर्वश्री पाय. एल.सी. अरोरा, कमल प्रकाश, जे.के.बाली, एम.सी. गुप्ता, अरविन्द अग्रवाल, चरनजीत सेठी, सत्यवीर गुप्ता, मुकेश लालवानी, अशोक तोमर, एस.सी. अरोरा, अंकुर रस्तौगी एवं अनूप टंडन उपस्थित थे।

**अंकुर रस्तौगी, सचिव**

## इण्टरनेशनल पायनियर पंचशील क्लब हापुड़ ने बच्चों के साथ दलित बस्ती में मनाया 15 अगस्त

*श्री लीलेराम स्मृति विद्यालय हापुड़ में पंचशील क्लब हापुड़ के पदाधिकारियों ने 15 अगस्त पर ध्वजारोहण किया। विद्यालय के मैधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरूस्कृत किया। विद्यालय के सभी बच्चों को टॉफी, बिस्कुट, जॉमेट्रीकल बॉक्स बाटें।*

*विद्यालय के प्रबन्धक पाय. पप्पू रामनिवेश ने पायनियर्स पंचशील क्लब हापुड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजसेवी संस्थायें अगर इसी प्रकार बच्चों का उत्साहवर्धन करेगी तो बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उनके अन्दर जीवन में कुछ बनने की प्रेरणा पैदा होगी। उन्होंने कहा कि हापुड़ में पायनियर्स क्लब एक अग्रणी संस्था है। पाय. अरूण यादव ने कहा कि बच्चे अपना समय अधिक से अधिक पढ़ाई मे लगाये तथा अधिक से अधिक खेलों में बढ़ने का प्रयास करें। इस कार्यक्रम में पा. अरूण यादव, पाय. बिशन सक्सेना, पाय. सरदार भूपेन्द्र सिंह, पाय. मनोज अग्रवाल, पाय. मनोज जीएम, पाय. बीजेन्द्र गर्ग, पाय. हिमांशु बंसल आदि ने भाग लिया।*

*कार्यक्रम की अध्यक्षता जूनियर चैयरमेन पाय. बिजेन्द्र गर्ग ने की।*








## पन्द्रह अगस्त

घोषणाओं, आश्वासनों
उत्सवों की एक और किश्त
पन्द्रह अगस्त।
आधी रात को मिली थी आजादी,
सबेरा आज तक नहीं हुआ,
लोकतन्त्र के फायदों ने,
बस अमीरों को छुआ।।
गरीब, गरीब ही रहे,
भयाक्रांत पश्त,
पन्द्रह अगस्त।
नेता हो रहे मालामाल,
घोटाले पर घोटाले,
साल-पर साल
भ्रष्टाचार और लूट तंत्र विरसित,
नौकरशाही बेलगाम, भ्रमित,
किससे कहें व्यथा, सभी तो है त्रस्त,
पन्द्रह अगस्त।
जिनकी जेबें भरी हैं, उन्हीं का है त्यौहार,
पन्द्रह अगस्त।
वे ही हैं मस्त, पन्द्रह अगस्त।।
चारों तरफ सन्नाटा, लुटेरें निडर,
अफवाहों का बाजार गर्म, कभी इधर कभी उधर
कितनी प्रगति की है देश ने?
डाकुओं के सिर पर मंत्रियों का हस्त,
पन्द्रह अगस्त।।

**ब्रजमोहन गुप्त**

## तिरंगे की व्यथा

अभिलाषा थी अपने घर में, मैं भी कौमी जश्न मनाऊँ।
आजादी की वर्षगाँठ पर, मैं भी अपना ध्वज फहराऊँ।
मैंने तब झन्डा मंगवा कर, आदर से छत पर लगवाया।
फहराने जब चला ध्वज को, जोरों से वह चिल्लाया।।
मेरे प्रश्नों का उत्तर दो! बाद में मुझको फहराना।
देशभक्ति के झूठे नाटक, आप मुझे फिर दिखलाना।।
क्यों फहराते हो तुम मुझको? झन्डे ने मुझसे सवाल किया।
ये प्रश्न बड़ा ही अद्भुत था, दुविधा में मुझको डाल दिया।।
साहस बटोर कर तब मैंने, धीरे उसको बतलाया।
'शहीदों का सम्मान है ये', ऐसा कुछ मैंने समझाया।।
अट्टाहास कर झन्डा बोला, क्या शगल रचा बहकाने को।
है ज्ञात मुझे क्या मान दिया, आजादी के परवाने को।
क्या वीरों का सम्मान यहां, बस दो दिन का मेहमान हुआ।।
मुझको फहराना केवल, दिखलावे का सामान हुआ।
कहा गये वो सपने सुनहरे, शहीदों ने जो देखे थे?
कहां गये आदर्श उन्होंने, जो भारत को सौंपे थे?
उनके सपनों की हत्या को, गौरों से मुक्ति दिलाई थी।
बापू ने क्या इसीलिए सीने पर गोली खाई थी?
क्या इसीलिए रानी झांसी ने, अपनी जान गंवाई थी?
भगत सिंह से वीरों ने क्यों, जवानी व्यर्थ लुटाई थी।
बिलख-बिलख वो रोते होंगे, देख देश की हालत को।
घोटालों में लिप्त देश और नेताओं की दौलत को।
कैसे नेताओं को तुमने, गुलशन का माली बना दिया?
फूलों की कर दी नीलामी, कलियों पर पहरा बिठा दिया!!
बोलो मेरे भारतवासी, कब तक इन हाथों में खेलोगे?
इन महाभ्रष्ट नेताओं को, लोगों तुम कब तक झेलोगे?
यदि मुझे सलामी देनी है, इक पल भी इनको मत झेलो।
इनके गन्दे हाथों में तुम, कठपुतली बन कर मत खेलो।
लो शपथ आज ही, सब मिलकर इनको सबक सिखाओगे।
घौटालेबाज दरिन्दों को, संसद में नहीं बिठाओगे।
संकल्प अभी ये ग्रहण करो, है सबसे अच्छी बात यही।
वीर-शहीदों के चरणों में, इससे अच्छी सौगात नहीं।
एक बार पुन: मेरा भारत, सौन चिरैया कहलायेगा।
मैं फहराऊँ दस दिन, जब हर भारतवासी मुस्काएगा।

**महावीर वर्मा 'मधुर', मो : 8057516622**

## समाजसेवी संस्थाऐं आपदा पीड़ितों की मदद के लिए आगे आऐं

- पाय. संतोष मेहरोत्रा

# 66वाँ स्वतन्त्रता दिवस मनाया



**रामनगर।** रामनगर पायनियर्स ने वुड केसिल रिसोर्ट, ढ़िकुली में 66वाँ स्वतन्त्रता दिवस धूमधाम से मनाया।

उक्त कार्यक्रम में पर्वतीय क्षेत्र उत्तरकाशी में हुई अत्यधिक वर्षा एवं बाढ़ की तबाही पर चिन्ता व्यक्त करते हुए संस्थापक संतोष मेहरोत्रा ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक सहयोग देकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करें। इस पर सभी उपस्थित पायनियर्स ने अपनी सहमति व्यक्त की तथा तत्काल धर्म संग्रह प्रारम्भ कर दिया एवं निर्णय लिया कि उत्तरकाशी जाकर एक दल मदद सामग्री बांटकर आयेगा इसके लिए पाय. नीरज मित्तल, पाय. संदीप गुप्ता, पाय. दीपक बंसल, पाय. संजय गुप्ता, पाय. राजेश मित्तल ने अपनी सेवायें अर्पित की। कुछ सदस्यों ने स्वीमिंग पूल में तैरकर आनन्द उठाया।





महिला पायनियर्स कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय गीतों से किया। सदस्यों के बीच विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई। कुछ समय अन्ताक्षरी में लगाया गया। बच्चों के विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। साक्षी गुप्ता प्रथम, बिंदिया मित्तल द्वितीय, प्रफुल्ल गुप्ता तृतीय रहे। गेम में सीमित समय में तिरगें बनाने थे। इस प्रतियोगिता में विपिन, अंशू प्रथम, दीपक एवं मोनाली द्वितीय, संदीप, अर्चना तृतीय रहे। महिलाओं की म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता में तनु चड्ढा प्रथम, मंजू मित्तल द्वितीय, श्रीमती अनीता अग्रवाल तृतीय रहे। समय बद्धता पुरुष्कार श्रीमती सुधा मेहरोत्रा को मिला। युगल डांस भी आयोजित किये गये।



भोजन उपरान्त सभा समाप्त घोषित की गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव पाय. सलिल गुप्ता ने किया और अध्यक्षता विपिन अग्रवाल ने की। राजा चड्ढा, डॉ. बृजेश अग्रवाल, पाय. संतोष मेहरोत्रा, पाय. संदीप गुप्ता, पाय. संजय गुप्ता, पाय. डॉ. डीएस रावत, दीपक बंसल, नीरज मित्तल, राजेश मित्तल, बीडी पाण्डे, मधुर किशोर, राकेश अग्रवाल ने मीटिंग में अपने विचार व्यक्त किये।





## पायनियर्स क्लब रामनगर ने मनाया तीज महोत्सव

**रामनगर।** पायनियर्स क्लब रामनगर द्वारा तीज का प्रोग्राम अग्रवाल सभा में आयोजित किया गया। प्रोग्राम की शुरूआत पायनियर महिलाओं द्वारा की गई। जिसमें झूला झूलकर सावन व तीज के गीत गाए गए। उक्त अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिनके परिणाम निम्न है :

1. समयबद्धता में अंशु अग्रवाल व रेणु गुप्ता को पुरस्कार मिला।
2. कुर्सी खेल में सुधा मेहरोत्रा को प्रथम अनीता अग्रवाल द्वितीय व मधु पाण्डे को तृतीय पुरस्कार।
3. दूसरे खेल (पार्सिग द पार्सल) में रश्मि अग्रवाल को प्रथम, उमा अग्रवाल को द्वितीय व मीना जोशी को तृतीय पुरस्कार मिला।
4. लकी कपल में अंशु विपिन अग्रवाल को प्रथम व अनीता अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल को द्वितीय पुरस्कार मिला।
5. तम्बोला में भी अनेक पुरस्कार वितरित किये गये।




कार्यक्रम का संचालन तनु चड्ढा, अर्चना गुप्ता अंशु अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में झूले का भी सबने आनन्द उठाया तथा सावन के गीतों संगीत के साथ गाकर हरियाली तीज का आनन्द लिया।



## रामनगर से लालकुआं सीधी ट्रेन चलाई जाये

**रामनगर।** संस्थापक एवं राष्ट्रीय महासचिव संतोष महरोत्रा ने सांसद सतपाल महाराज से अनुरोध किया कि लालकुआं बरेली बड़ी लाइन रूट प्रारम्भ होने से पहले रामनगर से लालकुंआ सीधी ट्रेन चलाई जाये ताकि लालकुआं से छूटने वाली ट्रेनों का लाभ अल्मोड़ा-नैनीताल तथा पौड़ी जनपद के निवासी जिनका रूट रामनगर से नजदीक है। इन ट्रेनों का लाभ प्राप्त कर सके। रामनगर रेलवे स्टेशन के पास पर्याप्त स्थान भी है। नई ट्रेनें रामनगर से भी प्रारम्भ की जा सकती है। यह भी कुमाऊँ/गढ़वाल का प्रवेश द्वार है। नैनीताल की यात्रा भी रामनगर से सुगम है। कार्बेट पार्क पर्यटन व्यवसाय भी रामनगर से जुड़ा है। अत: रामनगर से अधिक से अधिक नई ट्रेनों को जोड़ा जाना चाहिए। सांसद महोदय सतपाल महाराज, सांसद बाबा के.सी. सिंह इस ओर ध्यान देंगें। यदि नैनीताल की यात्रा रामनगर से आरम्भ की जायें तो हल्द्वानी-काठगोदाम में यातायात पर दबाव कम होगा। बद्रीनाथ धाम की यात्रा भी प्राचीन काल में रामनगर से प्रारम्भ होती थी। बद्रीनाथ धाम को भी रामनगर से जोड़ा जाना चाहिए। प्रात: 4 बजे रामनगर से जाकर सायं बद्रीनाथ दर्शन आसानी से किये जा सकते हैं। त्रिपती बालाजी की तर्ज पर बद्रीनाथ धाम का आने जाने मार्ग रामनगर होकर बनाया जा सकता है। श्रीमती अमृता रावत पर्यटन मंत्री महोदया इस और ध्यान दें। रामनगर से उत्तराखण्ड के सभी जनपदों के लिये अभी तक सीधी बस सेवायें भी नहीं है। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर में होने से सभी जनपदों के लोग/विद्यार्थी/अभिभावक/अध्यापकों को शिक्षा बोर्ड में आना पड़ता है। इस ओर भी उत्तराखण्ड शासन को पर्याप्त ध्यान देने की आवश्यकता है। रामनगर से विभिन्न पर्वतीय क्षेत्रों को जाने के लिए ट्रांसपोर्ट कम्पनी खोलने प्रोत्साहन तथा सब्सीडी दी जानी चाहिए।





## Personality development

### How to Win Friends and Influence People

**Fundamental in Handling People**

1. Don't criticize, condemn or complain.
2. Give honest and sincere appreciation.
3. Arouse in the other person an eager want.

**Ways to make people like you**

1. Become genuinely interested in other people.
2. Smile.
3. Remember that a person's name is to that person the sweetest and most important sound in any language.
4. Be a good listener. Encourage others to talk about themselves.
5. Talk in terms of the other person's interests.
6. Make the other person feel important - and do it sincerely.

**Win people to your way of thinking**

1. The only way to get the best of an argument is to avoid it.
2. Show respect for the other person's opinions. Never say, "You're wrong."
3. If you are wrong, admit it quickly and emphatically.
4. Begin in a friendly way.
5. Get the other person saying "yes, yes" immediately.
6. Let the other person do a great deal of the talking.
7. Let the other person feel that the idea is his or hers.
8. Try honestly to see things from the other person's point of view.
9. Be sympathetic with the other person's ideas and desires.
10. Appeal to the nobler motives.
11. Dramatize your ideas.
12. Throw down a challenge.

**Be a Leader: How to Change People Without Giving Offense or Arousing Resentment**

A leader's job often includes changing your people's attitudes and behavior. Some suggestions to accomplish this:

1. Begin with praise and honest appreciation.
2. Call attention to people's mistakes indirectly.
3. Talk about your own mistakes before criticizing the other person.
4. Ask questions instead of giving direct orders.
5. Let the other person save face.
6. Praise the slightest improvement and praise every improvement. Be "hearty in your approbation and lavish in your praise."
7. Give the other person a fine reputation to live up to.
8. Use encouragement. Make the fault seem easy to correct.
9. Make the other person happy about doing the thing you suggest.

Sandeep Gupta (9837076678)

## क्या आधुनिक व्यस्त जीवन में क्लब एक आवश्यक अंग है?

**दूसरों से प्रेम करना अपने, आपसे प्रेम करना है - एमरसन**


समाज सेवा एक ऐसा व्रत है कि जिस मनुष्य ने इस व्रत का धारण किया उसे आत्मिक शान्ति का बोध हुआ है। किसी देश को आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छे समाज की आवश्यकता होती है और अच्छे समाज के लिए अच्छा परिवार एक आवश्यक अंग है उसी प्रकार समाज को आगे बढ़ाने के लिए क्लब या समाज सेवी संस्था का भी महत्वपूर्ण हाथ है। अकेला मनुष्य इस व्यक्त जीवन में इतना समर्थ नहीं है कि सेवा के इस विशाल क्षेत्र में वह अकेला कार्य कर सके इसी लिए समय-समय पर भिन्न-भिन्न नामों से समाज सेवी संस्थाओं का जन्म होता है। समाज का दु:ख, दर्द, सेवा का अभाव होगा तो वो समाज आगे कैसे बढ़ सकेगा और समाज का उत्थान नहीं तो देश का उत्थान कैसे होगा ? इसके लिए हमें एक सुसंगठित परिवार बनाना होगा और जो सुसंगठित परिवार बनकर हमारे सामने आता है उसे समाज सेवी संस्था, सामाजिक संस्था आदि नामों से जाना जाता है। समाज सेवी एक ऐसा अमृत है जिसको एक बार पीने से मनुष्य के अन्तरंग को ऐसी शान्ति प्राप्त होती है जिसको वह विशाल धन भंडार से भी प्राप्त नहीं कर सकता है। हमारे देश में जितनी भी समाजसेवी संस्थाऐं हैं उनका मुख्य उद्देश्य गरीबों की सेवा, निर्बलों की सहायता करना ही है और इसी उद्देश्य को लेकर यहां पर 'इंटरनेशनल पायनियर्स' शाखा का गठन किया गया है। इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब का ध्येय बिना किसी स्वार्थ के समाज के आवश्यकतामन्द मनुष्यों की सहायता करना तथा उनमें बन्धुत्व की भावना का प्रसार करना है और इसी कारण ऐसी समाजसेवी संस्थाओं का सदस्य बनना गौरव की बात है।

www.internationalpioneers.com


## हम पायनियर

हमारा आदर्श है-
रक्षा अपनी संस्कृति की,
उत्थान उसका, प्रसार उसका।
हमारा धर्म है-
जीव सेवा, विश्व बन्धुत्व,
सत्य, प्रेम, अहिंसा।
हम हर लें-
प्राणि की पीड़ा, उसकी गरीबी,
उसका अज्ञान।
राह दिखायें उन्हें -
जो पथ भ्रष्ट हैं, कर्महीन हैं,
अज्ञानी हैं :
बाँट लें, दुख उनका-
जो आँसू पीते हैं,
भूख जिन्हें सताती है, जो जीवित लाश हैं।
याद रखें हरपल-
यह हमारी, कथनी नहीं, करनी है।
जीने का लक्ष्य है।

**कु. विमला शर्मा (मंसूरी)**



# ABHYAS IAS
## Presents




# IAS Prelims
# PCS Prelims
# & Mains

**(Geography, History & Other..)**

**"TET", Group 'C', Army, Airforce, Police, B-Ed., Railways**

**New Batches Starting from
First of Every Month**

School & Colleges may also book for Seminar in their Campus

**By the experienced faculty of Dehradun, Bareilly, Bihar & Allahabad**

रेगुलर टेस्ट सिरीज़,
**Mock Test, G.D.**
द्वारा सफलता पाने का पूरा मौका

Attention For IAS & PCS Students
## FREE SEMINAR
On Second Sat. of Every month at 11:00 am
Place : Aasthan ISET, Kashipur

## Weekend Classes
for the Students of 12th, B.A. Ist, IInd & Others
सभी सरकारी परीक्षाओं की विशेष तैयारी हेतु आज ही सम्पर्क करें

5% Discount इस विज्ञापन को साथ लाने पर !

# AASTHAN ISET
Aasthan ISET
Learn & Earn Through Technology

INTEGRATED SOLUTIONS & EMPLOYABLE TRAININGS

Branches : RAMNAGAR - KASHIPUR -HALDWANI - DEHRADUN

**Contact : 8923418188, 9219421133, 9219421144**

दिनांक : 18 अगस्त 2012
समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन सं. यू ए/नैनीताल-01/ 2012-2014

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड
सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72


## मधुमेह, मोटापा, जोड़ों के दर्द व हृदय रोग को मॉर्निंग वॉकर से नियंत्रित करें

### क्या आप इन बीमारियों से पीड़ित है ?

- मोटापा, चर्बी की अधिकता
- रक्त प्रवाह व Oxygen की कमी
- डाइबिटिज, थकावट, ढीलापन
- कमर, पीठ, जोड़ों व शरीर में दर्द
- स्पोन्डिलाइटिस, बात, नसों का दर्द
- पेट व कब्ज की शिकायत, नींद की कमी

### विश्व प्रमाणित, उपयोगी, स्वास्थय उपकरण

